प्रेस नोट संख्या- 40

दिनांक 17.01.2025

सराहनीय कार्य थाना गौरीगंज, स्वाट/सर्विलांस टीम अमेठी

हत्या का खुलासा, हत्या से संबन्धित प्रकाश में आया अभियुक्त गिरफ्तार।

घटना का संक्षिप्त विवरणः- श्री विशाल अग्रहरि पुत्र हरिओम अग्रहरि निवासी ग्राम चौक बाजार वार्ड नं0 23 माधौपुर थाना गौरीगंज जनपद अमेठी द्वारा दिनांक 11.01.2025 को थाना गौरीगंज पर लिखित प्रार्थनापत्र दिया गया कि वादी के पिता हरिओम अग्रहरि की किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बरनाटीकर के पास गला रेतकर हत्या कर दी गई है। उक्त सूचना पर थाना गौरीगंज पर मु0अ0सं0 11/25 धारा 103(1), 238 बी0एन0एस0 बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक अमेठी महोदया द्वारा घटना के शीघ्र अनावरण व अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु टीमें गठित कर आवश्यक आदेश-निर्देश दिये गये थे।

उक्त घटना के अनावरण के क्रम में दिनांक 17.01.2025 को प्रभारी निरीक्षक गौरीगंज श्री श्याम नारायण पाण्डेय मय हमराह व उ0नि0 अनूप कुमार सिंह प्रभारी स्वाट/सर्विलांस टीम मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर प्रकाश में आये अभियुक्त अभिषेक सिंह उर्फ गोलू पुत्र संजीत **मूल पता** ग्राम डेवढ़ी थाना तरैया सारंग जनपद छपरा बिहार राज्य **हाल पता** सरैया अमेठी रोड कस्बा व थाना गौरीगंज जनपद अमेठी को अमेठी रोड ओवर ब्रिज के पास से समय करीब 08:45 बजे सुबह गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ का विवरणः- पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त अभिषेक सिंह उर्फ गोलू ने बताया कि मेरा एक महिला से संबंध था उसी महिला से हरिओम (मृतक) का भी संबंध था। इसी संबंध को लेकर हरिओम मुझे बार-बार उल्टी-सीधी बातें बोलता व चिढ़ाता था जिससे मुझे हरिओम से चिढ़ हो गयी थी। इसी बात से परेशान होकर मैंने हरिओम को रास्ते से हटाने की सोच लिया था। दिनांक 10.01.2025 को दिन में ही चाकू व गड़ासा खरीद कर रख लिया था। हरिओम को मैंने दिनभर शराब पिलाई व शाम को हरिओम को साथ लेकर ई-रिक्शा से रायबरेली रोड बरना टीकर के पास सूनसान जगह पर उतर गया था। अधिक शराब पीने के कारण हरिओम निढाल था, मैं उसे सड़क के किनारे से हटाकर मौरंग के ढेर के बगल ले जाकर चाकू से गला काटकर हत्या कर दिया तथा चाकू व बांका मौरंग के ढेर में छिपाकर भाग गया था।

गिरफ्तारी स्थान- अमेठी रोड ओवर ब्रिज के पास गौरीगंज, **दिनांक-** 17.01.2025, **समय-** 08:45 AM बजे

अभियुक्त का नाम व पता-

- अभिषेक सिंह उर्फ गोलू पुत्र संजीत मूल पता ग्राम डेवढ़ी थाना तरैया सारंग जनपद छपरा बिहार राज्य हाल पता सरैया अमेठी रोड कस्बा व थाना गौरीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 28 वर्ष।

पंजीकृत अभियोग-

- मु0अ0सं0 11/25 धारा 103(1), 238 बी0एन0एस0 थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. श्री श्याम नारायण पाण्डेय प्रभारी निरीक्षक थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।
2. उ0नि0 अनूप कुमार सिंह प्रभारी स्वाट/सर्विलांस टीम अमेठी।
3. हे0का0 आलोक सिंह स्वाट टीम अमेठी।
4. हे0का0 पवनेश यादव सर्विलांस टीम अमेठी।
5. हे0का0 आशीष सर्विलांस टीम अमेठी।
6. का0 दीपचन्द्र यादव थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।
7. का0 शिवराम स्वाट टीम अमेठी।
8. का0 जय हिन्द यादव स्वाट टीम अमेठी।
9. का0 मनीष कुमार स्वाट टीम अमेठी।
10. का0 सिकन्दर स्वाट टीम अमेठी।